# खाटूवाले का नाम लिए जा | By Atul Srigiri

खाटूवाले का नाम लिए जा
प्याला अमृत का तू पिए जा
खाटूवाले का श्याम प्यारे का नाम लिए जा
प्याला अमृत का तू पिए जा

जब जब तू ये नाम जपेगा
तेरा बिगड़ा काम बनेगा
इसके चरणों का ध्यान किये जा
प्याला अमृत का तू पिए जा
खाटूवाले का नाम ...........

इसकी चौखट सबका ठिकाना
बन गया मैं भी श्याम दीवाना
इसकी भक्ति का ज्ञान लिए जा
प्याला अमृत का तू पिए जा
खाटूवाले का नाम ...........

श्याम धणी की महिमा न्यारी
कहती है ये दुनिया सारी
इनका सुमिरण हर बार किये जा
प्याला अमृत का तू पिए जा
खाटूवाले का नाम ...........

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%96%e0%a4%be%e0%a4%9f%e0%a5%82%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%b2%e0%a5%87-%e0%a4%95%e0%a4%be-%e0%a4%a8%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%b2%e0%a4%bf%e0%a4%8f-%e0%a4%9c%e0%a4%be-by-atul-srigiri/